UNAR-51

1006995

सामान्य अध्ययन
GENERAL STUDIES

निर्धारित समय : **तीन** घंटे
*Time Allowed : **Three** Hours*

अधिकतम अंक : **200**
*Maximum Marks : **200***

विशेष अनुदेश / SPECIFIC INSTRUCTIONS

नोट : *(i) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।*
(ii) प्रत्येक प्रश्न के अंक उसके अंत में दर्शाए गए हैं।

Note : *(i) All questions are compulsory.*
(ii) Marks carried by each question are indicated at its end.

1. शीत युद्ध काल के दौरान एवं वर्तमान में गुटनिरपेक्ष आंदोलन की भूमिका की चर्चा कीजिए। (200 शब्दों में)
Discuss the role of Non-Aligned Movement during the period of Cold War and at present. (In 200 words) *20*

2. (अ) गुप्तकाल में हुई "वैज्ञानिक प्रगति" पर टिप्पणी लिखिए। (125 शब्दों में)
(ब) राष्ट्रीय आंदोलन में उदारवादी और अनुदारवादियों (उग्रवादियों) के मध्य टकराव के मुख्य बिन्दु क्या थे ? (125 शब्दों में)

(a) Write a note on the "Scientific Progress" during the Gupta Period. (In 125 words) *10*

(b) What were the key points of conflict between the Liberalists and Extremists in the National Movement ? (In 125 words) *10*

3. ऐतिहासिक संदर्भ में निम्नलिखित की महत्ता क्या है ? (प्रत्येक 50 शब्दों में)
(i) साँची
(ii) स्वदेशी आंदोलन
(iii) नालन्दा
(iv) गोल मेज सम्मेलन
(v) 26 जनवरी, 1950

What is the importance of the following in the historical context ? (In 50 words each) *4×5=20*

(i) Sanchi
(ii) Swadeshi Movement
(iii) Nalanda
(iv) Round Table Conference
(v) 26th January, 1950

4. (अ) गरीबी एवं भुखमरी उन्मूलन संबंधी भारत सरकार की नीतियों पर चर्चा कीजिए। (125 शब्दों में)

(ब) विश्व के निम्नलिखित भौगोलिक उपनाम किन स्थानों के लिए प्रयुक्त होते हैं ?

(i) स्वर्णिम पगौडा का देश

(ii) भारत का स्कॉटलैण्ड

(iii) हॉर्न ऑफ अफ्रीका

(iv) भारत में नदियों के मायका वाला राज्य

(v) प्यासी भूमि का देश

(a) Discuss the policies of the Government of India regarding the eradication of poverty and hunger. (In 125 words) *10*

(b) For which places are the following geographical subtitles of the world used ? *2×5=10*

(i) The Land of Golden Pagodas

(ii) Scotland of India

(iii) The Horn of Africa

(iv) The River State of India

(v) The Country of Thirsty Land

5. (अ) ''उच्च जनसंख्या वृद्धि दर भारत के लिए चुनौती एवं अवसर दोनों है।'' स्पष्ट कीजिए। (125 शब्दों में)

(ब) विकसित भारत लक्ष्य 2047 के समक्ष क्या-क्या चुनौतियाँ हैं ? (125 शब्दों में)

(a) Explain how a "High Population Growth Rate is both a challenge and an opportunity for India". (In 125 words) *10*

(b) What are the challenges in achieving the goal of a developed India by 2047 ? (In 125 words) *10*

6. (अ) लोकतंत्र में राष्ट्रपति की भूमिका पर प्रकाश डालिए। (125 शब्दों में)

(ब) सतत उत्सर्जन निगरानी प्रणाली (CEMS) क्या है ? इसके क्या लाभ हैं ? (125 शब्दों में)

(a) Highlight the role of President in a Democracy. (In 125 words) *10*

(b) What is the Continuous Emission Monitoring System (CEMS) ? What are its benefits ? (In 125 words) *10*

7. निम्नलिखित पर संक्षिप्त टिप्पणियाँ लिखिए : (प्रत्येक 50 शब्दों में)

(i) मंकी पॉक्स

(ii) क्रीमी लेयर

(iii) गगनयान मिशन (लक्ष्य)

(iv) चुनावी बॉन्ड

(v) कच्छाथीवु द्वीप

Write brief notes on the following : (In 50 words each) *4×5=20*

(i) Monkey Pox

(ii) Creamy layer

(iii) Gaganyaan Mission

(iv) Electoral Bonds

(v) Kachchatheevu Island

8. (अ) आपदाओं की बढ़ती बारम्बारता के संदर्भ में, ''बाढ़ और सूखा क्रमश: पूर्वी उत्तर प्रदेश एवं बुन्देलखण्ड के लिए एक चुनौती हैं।'' उपाय सुझाइए। (125 शब्दों में)

(ब) नई शिक्षा नीति, 2020 की मुख्य विशेषताओं पर प्रकाश डालिए। (150 शब्दों में)

(a) In the context of increasing frequency of disasters, "Floods and droughts are challenges for Eastern Uttar Pradesh and Bundelkhand respectively". Suggest the solutions. (In 125 words) *8*

(b) Highlight the key features of the New Education Policy, 2020. (In 150 words) *12*

9. (अ) निम्नलिखित व्यक्ति हाल ही में क्यों चर्चित रहे ? (प्रत्येक 25 शब्दों में)

(i) कर्पूरी ठाकुर

(ii) अरिन्दम बागची

(iii) जय शाह

(iv) कीर स्टर्मर

(v) झांग यूक्सिया

(ब) निम्नलिखित पर संक्षिप्त टिप्पणियाँ लिखिए : (प्रत्येक 50 शब्दों में)

(i) स्टडी इन इंडिया कार्यक्रम

(ii) पढ़े भारत बढ़े भारत (PBBB)

(a) Why have the following individuals been in the news recently ? (In 25 words each) *2×5=10*

(i) Karpoori Thakur

(ii) Arindam Bagchi

(iii) Jay Shah

(iv) Keir Starmer

(v) Zhang Youxia

(b) Write brief notes on the following : (In 50 words each) *5×2=10*

(i) Study in India Programme

(ii) Padhe Bharat Badhe Bharat (PBBB)

10. (अ) निम्नलिखित पुस्तकों के लेखकों के नाम लिखिए :

(i) आल टाइम फेवरेट्स फॉर चिल्ड्रेन

(ii) द हैंगिंग ऑफ अफज़ल गुरु

(iii) इण्डिया : द फ्यूचर इज़ नाउ

(iv) वन इण्डियन गर्ल

(v) सोर्स कोड : माई बिगनिंग्स

(ब) निम्नलिखित का पूर्ण रूप लिखिए :

(i) NAAC

(ii) NIRF

(iii) NCTE

(iv) NEP

(v) IIM

(vi) AICTE

(vii) NUEPA

(viii) ISRO

(ix) HND

(x) NEHU

(स) निम्नलिखित कहाँ स्थित हैं ?

(i) हरिश्चन्द्र अनुसंधान संस्थान

(ii) उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद्

(iii) इंदिरा गाँधी राष्ट्रीय मानव संग्रहालय

(iv) नेशनल ब्रेन रिसर्च सेन्टर (राष्ट्रीय मस्तिष्क अनुसंधान केन्द्र)

(v) आर्यभट्ट प्रेक्षण विज्ञान शोध संस्थान

(a) Write the name of the authors of the following books : *1×5=5*

(i) All-Time Favourites for Children

(ii) The Hanging of Afzal Guru

(iii) India : The Future is Now

(iv) One Indian Girl

(v) Source Code : My Beginnings

(b) Write the full forms of the following : *1×10=10*

(i) NAAC

(ii) NIRF

(iii) NCTE

(iv) NEP

(v) IIM

(vi) AICTE

(vii) NUEPA

(viii) ISRO

(ix) HND

(x) NEHU

(c) Where are the following located ? *1×5=5*

(i) Harish-Chandra Research Institute

(ii) Uttar Pradesh Secondary Education Council

(iii) Indira Gandhi National Museum of Mankind

(iv) National Brain Research Centre

(v) Aryabhatta Research Institute of Observational Sciences

2006972

UNAR-52

सामान्य हिन्दी, सारांश आलेखन, निबंध

GENERAL HINDI, PRECIS WRITING, ESSAY

*निर्धारित समय : **तीन** घंटे* *Time Allowed : **Three** Hours*	*अधिकतम अंक : **200*** *Maximum Marks : **200***

विशेष अनुदेश / SPECIFIC INSTRUCTIONS

नोट : *(i) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।*

(ii) प्रत्येक प्रश्न हेतु निर्धारित अंक उनके सम्मुख लिखे हैं।

(iii) कोई भी नाम, पता, अनुक्रमांक आदि न लिखें। आवश्यकता होने पर इनके स्थान पर 'क ख ग' या 'XYZ' का प्रयोग कीजिए।

***Note** : (i) All questions are compulsory.*

(ii) Marks carried by each question are indicated at its end.

(iii) Do not write any name, address or number etc. Write 'क ख ग' or 'XYZ' wherever necessary.

1. निम्नलिखित में से किसी **एक** विषय पर 400 शब्दों में निबंध लिखिए : *40*

(क) साइबर अपराध के दुष्परिणाम

(ख) राष्ट्रीय शिक्षा नीति (2020) में मातृ-भाषा का महत्त्व

(ग) जनगणना का राष्ट्रीय नीति निर्धारण में महत्त्व

(घ) वसुधैव कुटुंबकम्

2. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यान से पढ़िए और नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

दृढ़तापूर्वक मान लीजिए कि आपकी उस वस्तु के साथ एकता है जिसकी आपको ज़रूरत है। आप अपने मन, वचन और कर्म से उस वस्तु की ओर लग जाइए। उसकी प्राप्ति में तिल मात्र भी संदेह मत रखिए। आपको उसे प्राप्त करने में अवश्यमेव सफलता प्राप्त होगी — आपको कोई रोक नहीं सकता।

गरीबी हमारा मानसिक रोग है। यदि आप इस रोग से पीड़ित हैं अथवा इस रोग के शिकार हैं तो अपने मानसिक भाव को बदल दीजिए। दु:ख-दरिद्रता तथा लाचारी के विचार मन में लाने के स्थान पर सुख-समृद्धि, ऐश्वर्य, स्वाधीनता तथा आनंद के विचारों से अपने मानस-क्षेत्र को प्रकाशित कीजिए। फिर यह देखकर आपके आश्चर्य का पार न रहेगा कि आपकी उन्नति कितने जोरों से हो रही है।

हमें विजय और सफलता पूर्णतया मन की वैज्ञानिक प्रक्रिया से प्राप्त होती है। जो मनुष्य समृद्धिशाली और सौभाग्यशाली हो रहा है, उसे अपनी पैसा कमाने की योग्यता पर विश्वास रहता है। वह अपने व्यवसाय को संदेहयुक्त तथा शंकाकुल मन से शुरू नहीं करता। वह अपने समय को गरीबी की बातों तथा विचारों में नहीं गँवाता। दरिद्रता से लड़खड़ाता हुआ नहीं चलता और न ही गरीबी की-सी पोशाक पहनता है। वह अपनी शक्ति को उस ओर मोड़ता है जिसके लिए वह कोशिश कर रहा है तथा जिसकी प्राप्ति में उसका पूरा विश्वास एवं दृढ़ निश्चय है। देश में ऐसे हज़ारों गरीब लोग हैं जो अपनी गरीबी से अर्ध-संतुष्ट हो गए हैं और जिन्होंने उसके विकराल पंजों से निकलने का प्रयत्न ही छोड़ दिया है। अब वे चाहे कितना ही कठिन परिश्रम करें, उन्होंने तो अपनी आशा खो दी है। स्वाधीनता प्राप्त करने की उमंग नष्ट कर दी है।

कुछ परवाह नहीं कि आपके आसपास का दृश्य भयावह हो, कुछ परवाह नहीं कि आपकी परिस्थिति कठोर हो, उस वस्तु से अपने मन को हटा लीजिए जो आपको अहितकर मालूम होती हो, उस स्थिति से अपने मुख को मोड़ लीजिए जो आपको गुलाम बनाती हो, आपके सर्वोत्कृष्ट विकास में बाधा पहुँचाती हो।

(क) उपर्युक्त गद्यांश का उचित शीर्षक लिखिए। *5*

(ख) उपर्युक्त गद्यांश का सारांश लगभग एक-तिहाई शब्दों में लिखिए। *20*

(ग) रेखांकित अंशों की व्याख्या कीजिए। *15*

3. (क) प्राचार्य, 'क ख ग' महाविद्यालय की ओर से जारी एक निविदा-सूचना का प्रारूप तैयार कीजिए, जिसमें उक्त महाविद्यालय में दैनन्दिन उपयोग में आने वाली स्टेशनरी की आपूर्ति की सूचना हो। *15*

(ख) टिप्पणी का आशय स्पष्ट करते हुए इसका एक नमूना प्रस्तुत कीजिए। *15*

4. (क) निम्नलिखित में से किन्हीं ***पाँच*** शब्दों के चार-चार पर्यायवाची लिखिए : *10*
स्त्री, सीता, सुंदर, शत्रु, नौकर, पेड़, अखंड, सखी, दुर्गा, हानि

(ख) निम्नलिखित में से किन्हीं ***पाँच*** शब्दों के विलोम लिखिए : *5*
सक्षम, उच्चरित, प्रलय, भ्रान्त, उत्कर्ष, वृद्धि, शाप, श्लाघ्य, विज्ञ, एकत्र

(ग) निम्नलिखित में से किन्हीं ***पाँच*** शब्द-युग्मों का अर्थगत अंतर स्पष्ट करते हुए वाक्यों में प्रयोग कीजिए : *10*
ग्रंथ – पुस्तक, अचल – अचला, अगम – आगम, बलि – बली, अवधि – अवधी, वध – हत्या, खोज – आविष्कार, कष्ट – शोक, प्रवचन – भाषण, आदि – आदी

(घ) निम्नलिखित में से किन्हीं ***पाँच*** सामासिक पदों के समास का नाम लिखिए : *5*
प्राणाहुति, गोस्वामी, गुरु-दक्षिणा, पूर्णकाम, भरसक, मधुप, हाथोंहाथ, प्राणप्रिय, फणीश, प्रत्येक

5. (क) निम्नलिखित में से किन्हीं ***पाँच*** शब्दों की वर्तनी शुद्ध कीजिए : *10*

भत्रहरि, नुपुर, कृप्या, पीपिलीका, महातम्य, सहस्त्र, वांग्मय, चिन्ह, सत्व, सत्गुण

(ख) निम्नलिखित में से किन्हीं ***पाँच*** वाक्यों को शुद्ध कीजिए : *10*

(i) आप अपनी प्रतिज्ञा के शब्दों पर अटल रहें।

(ii) अधिकांश लोगों का यही विचार है।

(iii) उनकी अपनी प्रखर बुद्धि हर काम में प्रकट होती है।

(iv) इसको दंगा कहकर पुकारना अनुचित है।

(v) उसने कहा तुम क्या कर रहे हो ?

(vi) चौथे दिन शत्रु ने हथियार रख दिये।

(vii) गलियों को चौड़ी करना आवश्यक हो गया।

(viii) दिल्ली में चार गिरफ्तारी हुई।

(ix) अध्यक्ष को निवेदन करना चाहता हूँ।

(x) उसे व्यर्थ सहायता देने से कोई लाभ नहीं।

(ग) नीचे दिए गए वाक्यांशों में से किन्हीं ***पाँच*** के लिए एक-एक शब्द लिखिए : *10*

(i) जिसकी मृत्यु निकट हो

(ii) कनिष्ठा के पास की अँगुली

(iii) बिना पलक झपकाए

(iv) किसी के भोजन से बचा हुआ

(v) तत्क्षण कविता बनाने में समर्थ कवि

(vi) समाज में प्रतिष्ठा और यश की कामना

(vii) जो वय (उम्र) में बूढ़ा हो

(viii) जिसके मन में युद्ध करने की इच्छा हो

(ix) पहाड़ के नीचे की समभूमि

(x) निर्जन या सूने स्थान में रहना

6. (क) निम्नलिखित में से किन्हीं ***पाँच*** मुहावरों एवं लोकोक्तियों का अर्थ स्पष्ट करते हुए उनका वाक्यों में प्रयोग कीजिए : *15*

(i) सिर पर हाथ फेरना

(ii) हाथ दिखाना

(iii) मुँह की खाना

(iv) जबानी जमा-खर्च करना

(v) इतिश्री होना

(vi) घर के पीरों को तेल का मलीदा

(vii) नाचे कूदे बानरा माल मदारी खाय

(viii) जहाँ देखे तवा-परात, वहीं गुजारे सारी रात

(ix) अधजल गगरी छलकत जाय

(x) बंदर की आशनाई, घर में आग लगाई

(ख) निम्नलिखित शब्दों में से किन्हीं ***पाँच*** के प्रत्यय और उपसर्ग पृथक् कीजिए : *5*

चंपई, बालक, नित्य, पांडित्य, भवदीय, निरूपण, आबालवृद्ध, अनिष्ट, पर्याप्त, अधिष्ठाता

(ग) निम्नलिखित में से किन्हीं ***पाँच*** शब्दों के एकाधिक अर्थ लिखिए : *10*

द्विज, कर, धन, पत्र, मधु, कल, अंक, अज, अर्क, टीका

UNAR-53

3007019

उ.प्र. वित्तीय नियम एवं कार्यालय प्रक्रिया संबंधी नियम

U.P. FINANCIAL RULES AND RULES REGARDING OFFICE PROCEDURE

निर्धारित समय : **तीन** घंटे *Time Allowed : **Three** Hours*	अधिकतम अंक : **100** *Maximum Marks : **100***

विशेष अनुदेश / SPECIFIC INSTRUCTIONS

नोट : *(i) किन्हीं **पाँच** प्रश्नों के उत्तर दीजिए।*

(ii) प्रत्येक प्रश्न हेतु निर्धारित अंक उनके सम्मुख लिखे हैं।

(iii) उत्तर हिंदी अथवा अंग्रेज़ी भाषा में लिखे जा सकते हैं।

***Note :** (i) Answer any **five** questions.*

(ii) Marks allotted to each question are written at its end.

(iii) Answer can be given either in Hindi or English Language.

1. अर्जित अवकाश क्या है ? अर्जित अवकाश लेखा तैयार करने की प्रक्रिया का वर्णन कीजिए और अर्जित अवकाश स्वीकृत करने की अधिकतम सीमा का उल्लेख कीजिए।

What is Earned Leave ? Describe the process of preparing earned leave account and mention the maximum limit for sanctioning earned leave. *20*

2. निम्नलिखित पर संक्षिप्त टिप्पणियाँ लिखिए :

(अ) धारणाधिकार

(ब) आकस्मिक अवकाश

(स) प्रतिपूर्ति भत्ता

(द) निजी कार्य पर अवकाश

Write short notes on the following :

(a) Lien *5*

(b) Casual leave *5*

(c) Compensatory allowance *5*

(d) Leave on Private Affairs *5*

3. (अ) कार्यभार ग्रहण काल को परिभाषित कीजिए। किसी कार्मिक को कितना कार्यभार ग्रहण काल अनुमन्य किया जा सकता है और इसकी गणना किस प्रकार की जाती है ?

(ब) स्थानान्तरण यात्रा भत्ता बिल तैयार करने की प्रक्रिया का वर्णन कीजिए। स्थानान्तरण यात्रा भत्ता बिल के साथ कौन-से संलग्नक लगाए जाते हैं ?

(a) Define Joining Time. How much joining time can be allowed to an employee and how is it calculated ? *10*

(b) Describe the process of preparing transfer TA Bill. What enclosures are required to be attached with transfer TA Bill ? *10*

4. निम्नलिखित पर संक्षिप्त टिप्पणियाँ लिखिए :

(अ) राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली

(ब) असाधारण पेंशन

(स) उपदान

(द) अवकाश नकदीकरण

Write short notes on the following :

(a) National Pension Scheme (NPS) *5*

(b) Extraordinary Pension *5*

(c) Gratuity *5*

(d) Leave Encashment *5*

5. निम्नलिखित पर संक्षिप्त टिप्पणियाँ लिखिए :

(अ) सुनिश्चित कैरियर प्रोन्नयन

(ब) पूर्व-सम्प्रेक्षा

(स) कैश बुक

(द) टिप्पणी-लेखन

Write short notes on the following :

(a) Assured Carrier Progression (ACP) *5*

(b) Pre-audit *5*

(c) Cash book *5*

(d) Noting *5*

6. (अ) पदोन्नति की दशा में, किसी कार्मिक द्वारा निम्न पद पर आगामी वेतन वृद्धि की तिथि से वेतन निर्धारण का विकल्प दिए जाने पर, वेतन निर्धारण की प्रक्रिया का उल्लेख कीजिए।

(ब) जेम पोर्टल क्या है ? मौद्रिक सीमा के आधार पर जेम पोर्टल की विभिन्न क्रय-प्रक्रियाओं का उल्लेख कीजिए।

(a) In case of promotion, if an employee gives option of pay fixation from the date of next increment in the lower post, mention the process of pay fixation. *10*

(b) What is GeM Portal ? Mention different purchase options of GeM portal on the basis of monetary limit. *10*

7. निम्नलिखित विषयों पर वर्णनात्मक टिप्पणियाँ लिखिए :

(अ) गृह निर्माण अग्रिम

(ब) सामान्य भविष्य निधि से अंतिम प्रत्याहरण

Write descriptive notes on the following topics :

(a) House Building Advance (HBA) *10*

(b) Non-refundable withdrawal from General Provident Fund (GPF) *10*

8. विश्वविद्यालय के कुलपति को प्रवक्ताओं की वरिष्ठता के विवाद को लेकर कुलसचिव की ओर से एक अर्ध-शासकीय पत्र लिखिए, जिसमें प्रवक्ताओं की वरिष्ठता निर्धारण को निर्णीत किए जाने के संबंध में सुझाव दिए गए हों। पत्र में कहीं भी अपना नाम, पता अथवा अनुक्रमांक नहीं लिखा जाए।

Write a demi-official (D.O.) letter to the Vice Chancellor of a university from the Registrar about the dispute of seniority of lecturers, suggesting some solutions for making decisions regarding fixation of seniority of lecturers. Do not write your name, address or roll no. anywhere in the letter. *20*